# मध्यप्रदेश विधान सभा

## फरवरी-मार्च, 2026 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

## शुक्रवार, दिनांक 27 फरवरी, 2026 (फाल्गुन 8, 1947)

## समय 11.00 बजे दिन.

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) **श्री गोविन्द सिंह राजपूत, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री -**

(क) मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन अधिनियम, 1962 (क्रमांक 58 सन् 1962) की धारा 31 की उपधारा (11) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन का इक्कसीवां वार्षिक प्रतिवेदन एवं हिसाब-पत्रक वित्तीय वर्ष 2023-2024, तथा

(ख) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (क्रमांक 20 सन् 2013) की धारा 16 की उपधारा (6) (च) एवं मध्यप्रदेश खाद्य सुरक्षा नियम, 2017 के नियम 15 के उपनियम (5) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग, भोपाल का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2025-2026

पटल पर रखेंगे.

(2) **श्री चेतन्य कुमार काश्यप, खनिज साधन मंत्री (डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री द्वारा अधिकृत),** कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) (ख) की अपेक्षानुसार डी.एम.आई.सी.पीथमपुर जल प्रबंधन लिमिटेड का 9वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2022-2023 पटल पर रखेंगे.

(3) **श्री इन्दर सिंह परमार, उच्च शिक्षा मंत्री,** मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (क्रमांक 22 सन् 1973) की धारा 47 की अपेक्षानुसार अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा का 57वां वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025 पटल पर रखेंगे.

### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) **इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य,** नरयावली विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन कड़ान सिंचाई परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति शासन स्तर से लंबित होने से परियोजना का कार्य अपूर्ण रहने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) **श्री यादवेन्द्र सिंह, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था से उत्पन्न स्थिति की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) **डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, सदस्य,** जावरा क्षेत्र अंतर्गत बरगढ़ फंटा से भैसाना फंटा तक स्वीकृत सड़क मार्ग अपूर्ण रहने से उत्पन्न स्थिति की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) **श्री ओमकार सिंह मरकाम, सदस्य,** प्रदेश में धान विक्री हेतु सर्वर न चलने से कृषकों का स्लाट बुक न होने से उत्पन्न स्थिति की ओर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(5) **श्री आशीष गोविंद शर्मा, सदस्य,** देवास जिले के खातेगांव तहसील अंतर्गत वन परिक्षेत्र में कृषकों के विरुद्ध वन अपराध का मिथ्या मुकदमा कायम किये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(6) **श्री अमर सिंह यादव, सदस्य,** प्रदेश में राजस्व अधिकारियों द्वारा भूमिहीन एवं गरीबों के लिये पट्टे एवं धारणाधिकार का कार्य समय पर न होने से उत्पन्न स्थिति की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(7) **डॉ. सीतासरन शर्मा, सदस्य,** प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत अतिथि विद्वानों के मानदेय न दिये जाने की ओर तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार (केवल तकनीकी शिक्षा) मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(8) **डॉ. प्रभुराम चौधरी, सदस्य,** शासकीय स्नातक महाविद्यालय गैरतगंज में एम.ए., एम.एस.सी., एम.कॉम एवं शा. कन्या महाविद्यालय में बी. कॉम की कक्षाएं प्रारंभ न किये जाने की ओर उच्च शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(9) **श्री दिनेश गुर्जर, सदस्य,** प्रदेश के राजस्व विभाग अंतर्गत भू-संसाधन प्रबंधन विभाग में कार्यरत जूनियर डाटा एंट्री आपरेटरों का संलग्नीकरण जिला मुख्यालय में किए जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(10) **श्री प्रीतम लोधी, सदस्य,** ग्वालियर जिले के जलालपुर में शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त कराये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(11) **श्री पंकज उपाध्याय, सदस्य,** प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन (EV) नीति एवं PM E-Drive के क्रियान्वयन में नीति का पालन न किये जाने की ओर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(12) **श्री मुकेश टंडन, सदस्य,** विदिशा जिले के विजय मंदिर की नियमित पूजा की अनुमति एवं मंदिर का जीर्णोद्धार किये जाने की ओर राज्यमंत्री धार्मिक न्यास और धर्मस्व का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(13) **श्री सिद्धार्थ तिवारी, सदस्य,** त्यौंथर विधान सभा में नवीन 132 के.वी. बिजली सब स्टेशन बनाये जाने की ओर ऊर्जा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(14) **श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाह, सदस्य,** भिण्ड क्षेत्रांतर्गत शासकीय महाविद्यालय अकोड़ा में भवन के निम्नस्तरीय निर्माण किए जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर उच्च शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

- 2 -

(15) **डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान, सदस्य,** उज्जैन-जावरा सड़क मार्ग पर निरंतर हो रही दुर्घटनाओं से मौतें होने की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(16) **श्री मोहन सिंह राठौर, सदस्य,** प्रदेश में राजस्व अभिलेखों का कम्प्यूटराइजेशन एवं अभिलेखों में त्रुटि सुधार किए जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(17) **श्री उमाकांत शर्मा, सदस्य,** विदिशा जिले के लटेरी क्षेत्र में जंगलों में निरंतर हो रही अवैध कटाई से उत्पन्न स्थिति की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(18) **श्री विपीन जैन, सदस्य,** मंदसौर जिले में किसानों की फसलों को घोड़ारोज व जंगली सूअरों से हो रहे नुकसान से उत्पन्न स्थिति की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(19) **डॉ. हिरालाल अलावा, सदस्य,** धार जिले की मनावर तहसील में यातायात व्यवस्था सुधार हेतु गांधी चौराहे पर ट्रेफिक सिग्नल लगाये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(20) **श्री हेमन्त सत्यदेव कटारे, सदस्य,** भिण्ड जिले के कलेक्टर कार्यालय में व्यापक स्तर पर अनियमितता कर फर्जी आर्म्स लायसेंस जारी किये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(21) **श्री कैलाश कुशवाहा, सदस्य,** प्रदेश में खाद संकट एवं यूरिया-डीएपी खाद के दामों में वृद्धि किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(22) **श्री प्रताप ग्रेवाल, सदस्य,** सरदारपुर विधान सभा के अंतर्गत नर्मदा सिंचाई परियोजना से अनेक ग्राम वंचित होने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

## 4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) **श्री भगवानदास सबनानी, सदस्य,** भोपाल शहर के वार्ड क्रमांक-31 तुलसी नगर एवं शिवाजी नगर के शासकीय आवासों की मरम्मत एवं रख-रखाव कराये जाने,

(2) **श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके, सदस्य,** बैतूल जिले के शाहपुर में सिविल न्यायालय खोले जाने,

(3) **श्री फूलसिंह बरैया, सदस्य,** दतिया जिले के ग्राम घराबा से तगा तक पक्का रोड निर्माण कराये जाने,

(4) **श्री नारायण सिंह पट्टा, सदस्य,** मण्डला जिले के ग्राम लबलपानी एवं घोरघाट ग्रामों में पक्की सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत कराये जाने,

(5) **श्री केशव देसाई, सदस्य,** भिण्ड जिले के ग्राम ऐमनपुरा से बरौना के शमशान घाट निर्माण कराये जाने,

(6) **श्री दिव्यराज सिंह, सदस्य,** रीवा जिले के लटियार मुख्य नहर से मदरी होते हुये पाटी दर्रहा पहुंच मार्ग निर्माण कराये जाने,

(7) **श्री दिनेश राय मुनमुन, सदस्य,** सिवनी जिले के ग्राम कोठिया-बंधा से चंदौरीखुर्द मार्ग निर्माण कराये जाने,

(8) **श्री श्रीकान्त चतुर्वेदी, सदस्य,** मैहर जिले के ग्राम धुनवारा से बसोडा तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(9) **श्री यादवेन्द्र सिंह, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले की धसान नदी पर डायवर्सन-ककरवाहा पिकअप वियर बनाये जाने,

(10) **श्री महेन्द्र नागेश, सदस्य,** भोपाल शहर में डी-मार्ट (कोलार) से मानसरोवर डेन्टल कॉलेज होते हुये 80 फीट रोड तक बी.सी.एल.एल. संचालित सिटी बस चलाये जाने,

(11) **श्री मथुरालाल डामर, सदस्य,** रतलाम जिले के ग्राम मऊ से भातीनडोदिया तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(12) **श्री विपीन जैन, सदस्य,** मंदसौर जिले के ग्राम देहरी के श्रीराम मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु राशि स्वीकृत कराये जाने,

(13) **श्री विश्वनाथ सिंह मुलाम भैया, सदस्य,** नरसिंहपुर जिले के तेन्दूखेड़ा से गाडरवारा मार्ग में सोल्डरों को पक्का कराने एवं मोड़ो की अतिरिक्त चौड़ाई बढ़वाई जाने,

(14) **डॉ. हिरालाल अलावा, सदस्य,** धार जिले के ग्राम पेरखड़ पूनर्वास से सेमल्दा मेन रोड तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(15) **श्री प्रहलाद लोधी, सदस्य,** पन्ना जिले के ग्राम कचौरी के पास अलोनी नदी पर बांध बनवाये जाने,

(16) **श्री प्रताप ग्रेवाल, सदस्य,** धार जिले के सरदारपुर अंतर्गत सिंचाई हेतु गोंदीरेला तालाब निर्माण की स्वीकृति कराये जाने,

(17) **श्री सोहनलाल बाल्मीक, सदस्य,** छिंदवाड़ा जिले के ग्राम रिधौरा से रैयतवाड़ी तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(18) **श्री श्याम बरडे, सदस्य,** बड़वानी जिले के नगर पलसूद में बायपास रोड निर्माण कराये जाने,

(19) **श्री घनश्याम चन्द्रवंशी, सदस्य,** शाजापुर जिले के ग्राम नांदनी में खाल वाली नदी पर घाट निर्माण कराये जाने,

(20) **श्री मोंटू सोलंकी, सदस्य,** बड़वानी जिले की ग्राम पंचायत पेंढारन्या में पार वरला से लोहारिया फल्या होते हुये निशानियापानी तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(21) **श्री अनिल जैन (निवाड़ी), सदस्य,** निवाड़ी जिले के ग्राम पिपरा से देवराखेरा एवं चचावली अनु.जाति बस्ती से धुवयाना खिरक तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(22) **श्री सुरेन्द्र सिंह हनी बघेल, सदस्य,** धार जिले की ग्राम पंचायत जोगड़ढी में विद्युत ट्रांसफार्मर एवं पोल लगवाये जाने,

(23) **श्रीमती चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले के प्राथमिक शाला ढोंगा मोहल्ला चन्दपुरा में नवीन भवन का निर्माण कराये जाने,

(24) **श्री राजेन्द्र भारती, सदस्य,** दतिया जिले के ग्राम घूघसी महूअर नदी पर स्टाप डेम कम वियर वॉल निर्माण कराये जाने,

(25) **श्री मधु भगत, सदस्य,** बालाघाट जिले की ग्राम पंचायत चांगोटोला में पानी की टंकी का निर्माण कराये जाने,

(26) **श्री केदार चिड़ाभाई डावर, सदस्य,** खरगोन जिले के ग्राम केली एवं श्रीखण्डी में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में नवीन भवनों का निर्माण कराये जाने,

(27) **श्री विक्रम सिंह, सदस्य,** सतना जिले के ग्राम रूहिया में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का भवन निर्माण कराये जाने,

(28) **श्री सचिन सुभाषचंद्र यादव, सदस्य,** खरगोन जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसरावद में एम.डी. मेडिसिन, स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना एवं रिक्त पदों की पूर्ति कराये जाने,

(29) **डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान, सदस्य,** उज्जैन जिले के नागदा को पृथक से जनपद पंचायत बनाये जाने,

(30) **श्री बिसाहूलाल सिंह, सदस्य,** अनूपपुर जिले के ग्राम बिजौड़ी से तिवारी तालाब होते हुये मझगंवा-धनपुरी-बम्हनी पहुंच मार्ग पर पुल सहित सड़क निर्माण कराये जाने,

(31) **श्री रमेश प्रसाद खटीक, सदस्य,** शिवपुरी जिले के करैरा-पिछोर-छितीपुर रोड से तिसाटा मंदिर रहगंवा तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(32) **श्री सुरेश राजे, सदस्य,** ग्वालियर जिले के डबरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बोना की लखिया कालोनी (अनु.जाति बस्ती) में 'सामुदायिक भवन' का निर्माण कराये जाने,

(33) **श्री कैलाश कुशवाहा, सदस्य,** शिवपुरी जिले के पोहरी अंतर्गत ग्राम डोडऊ में नाले पर (हनुमान मंदिर के पास) रपटा निर्माण कराये जाने,

(34) **श्री राजन मण्डलोई, सदस्य,** बड़वानी जिले के ग्राम तलून से तलवाड़ा होते हुये बिलवा रोड तक डबल डामरीकृत सड़क बनवाये जाने,

(35) **श्री नितेन्द्र बृजेन्द्र सिंह राठौर, सदस्य,** निवाड़ी जिले के ग्राम नयाखेरा से मडवा तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(36) **डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, सदस्य,** रतलाम जिले के ग्राम सुजापुर एवं चिकलाना के शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल के भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान कराये जाने,

(37) **श्री गोपाल सिंह इंजीनियर, सदस्य,** सीहोर जिले के आष्टा अंतर्गत ग्राम कुमड़ावदा से पावखेड़ी के मध्य स्थित नाले पर पुलिया निर्माण कराये जाने,

(38) **श्री पन्नालाल शाक्य, सदस्य,** गुना जिले के ग्राम पंचायत सिलावटी में सामुदायिक भवन स्वीकृत कराये जाने,

(39) **इंजीनियर हरिबाबू राय, सदस्य,** अशोकनगर जिले के ग्राम पोरकी-मथनेर के बीच नहर पर पुलिया एवं पक्की सड़क निर्माण कराये जाने,

(40) **श्री रजनीश हरवंश सिंह, सदस्य,** सिवनी जिले के शासकीय कन्या हाई स्कूल भोमा का हायर सेकेण्ड्री स्कूल में उन्नयन कराये जाने,

(41) **श्री राजेश कुमार शुक्ला, सदस्य,** छतरपुर जिले के ग्राम मतीपुरा में तालाब/स्टॉप डेम निर्माण कराये जाने,

(42) **श्री हजारीलाल दांगी, सदस्य,** राजगढ़ जिले के नगर माचलपुर में नवीन शासकीय महाविद्यालय खोले जाने,

(43) **श्री अमर सिंह यादव, सदस्य,** राजगढ़ जिले के नगर खुजनेर में शासकीय महाविद्यालय खोले जाने,

(44) **श्रीमती मनीषा सिंह, सदस्य,** शहडोल जिले के ग्राम पलसऊ से नवागांव पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य स्वीकृत कराये जाने,

(45) **श्री राजकुमार मेव, सदस्य,** खरगोन जिले के ग्राम झिरन्या से काकट्टी व्हाया भोगासा डामरीकृत मार्ग निर्माण की स्वीकृति प्रदान कराये जाने,

(46) **श्री उमाकांत शर्मा, सदस्य,** विदिशा जिले के पारधा से सनोटी मार्ग निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति कराये जाने,

(47) **श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य,** पन्ना जिले के ग्राम सिद्धपुर में मुक्तिधाम का निर्माण कराये जाने,

(48) **श्री ऋषि अग्रवाल, सदस्य,** गुना जिले के बमोरी अंतर्गत फतेहगढ़ से कोहन मार्ग पुल-पुलिया सहित निर्माण कराये जाने,

(49) **श्री साहब सिंह गुर्जर, सदस्य,** ग्वालियर जिले के ग्राम निरावली में हाई स्कूल का भवन निर्माण कराये जाने,

(50) **श्री दिनेश गुर्जर, सदस्य,** मुरैना जिले की ग्राम पंचायत नाका से बसाई का पुरा तक डामरीकृत सड़क निर्माण कराये जाने,

(51) **श्री राजेश कुमार वर्मा, सदस्य,** पन्ना जिले के ग्राम सथनिया से खभरा तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(52) **सुश्री रामश्री राजपूत (बहिन रामसिया भारती), सदस्य,** छतरपुर जिले के वडामलहरा में स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना कराये जाने,

(53) **श्री देवेन्द्र रामनारायन सखवार, सदस्य,** मुरैना जिले के ग्राम खजूरी में डॉ. धीरेन्द्र के मकान से इनानकी मेन रोड तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(54) **श्री गौरव सिंह पारधी, सदस्य,** बालाघाट जिले के ग्राम किनही में कब्रिस्तान मार्ग पर नाले में पाईप पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(55) **श्रीमती सेना महेश पटेल, सदस्य,** अलीराजपुर जिले के ग्राम उबकड भील फल्या में सड़क निर्माण कराये जाने,

(56) **श्रीमती कंचन मुकेश तनवे, सदस्य,** खण्डवा जिले के रूधि देशगांव बायपास मार्ग पर पानी निकासी हेतु पुल पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(57) **श्री अनिरुध्द (माधव) मारू, सदस्य,** नीमच जिले के मनासा अंतर्गत कंजार्डा से खेलड़ी तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(58) **श्रीमती रीती पाठक, सदस्य,** सीधी जिले के जिला जेल में परिजनों हेतु वेटिंग रूम, शेडयुक्त बैठक एवं पेय जल व्यवस्था कराये जाने,

(59) **डॉ. अभिलाष पाण्डेय, सदस्य,** जबलपुर जिले के अग्रसेन वार्ड क्र. 35 स्थित 90 क्वार्टर बस्ती में गार्डन सहित बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कराये जाने,

(60) **श्री मोहन शर्मा, सदस्य,** राजगढ़ जिले के कुवंरकोटरी मेन रोड से रनावा-पुरा मार्ग पर पुलिया निर्माण कराये जाने,

(61) **श्री अरूण भीमावद, सदस्य,** शाजापुर जिले के ग्राम खोरिया एमा से उमरिया लांज तक रोड स्वीकृत कराये जाने,

(62) **श्री दिनेश जैन बोस, सदस्य,** उज्जैन जिले के ग्राम रजला से बछोड़ा मार्ग को डामरीकृत कराये जाने,

(63) **श्री अभय मिश्रा, सदस्य,** रीवा शहर के वार्ड क्रमांक-9 संत रविदास नगर अनुसूचित जाति बस्ती हैण्डपंप से अरूण सिंह के मकान होकर रमेश तिवारी के घर तक पी.सी.सी. रोड निर्माण कराये जाने,

(64) **श्रीमती अनुभा मुंजारे, सदस्य,** बालाघाट जिले के शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय का नवीन भवन निर्माण कराये जाने,

(65) **डॉ. रामकिशोर दोगने, सदस्य,** हरदा जिले के ग्राम गोंदागांव गंगेश्वरी से कचबैडी होते हुये पोखरनी तक नर्मदा किनारे पैदल पथ निर्माण कराये जाने,

(66) **श्री प्रणय प्रभात पांडे, सदस्य,** कटनी जिले के ग्राम घुघरा बहोरीबंद में खेल स्टेडियम का निर्माण कराये जाने,

(67) **श्री विवेक विक्की पटेल, सदस्य,** बालाघाट जिले के ग्राम बुडकुडा के हुड़कीटोला में शासकीय प्राथमिक शाला भवन निर्माण कराये जाने,

(68) **श्री सचिन बिरला, सदस्य,** खरगोन जिले के ग्राम खमकी बारूल से रावत पलास्या पक्का रोड एवं चिडवा नाले पर रपटा निर्माण कराये जाने,

(69) **श्री प्रदीप पटेल, सदस्य,** मऊगंज जिले के ग्राम पंचायत हाटा मेन रोड से राजबहोर पटेल के घर तक ग्रेवल रोड निर्माण कराये जाने,

(70) श्री **पंकज उपाध्याय, सदस्य,** मुरैना जिले के ग्राम मानपुर बल्ला से भोपतपुर तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(71) श्री **अरविन्द पटैरिया, सदस्य,** छतरपुर जिले के ग्राम पंचायत बमीठा में सी.सी. रोड निर्माण कराये जाने,

(72) श्री **कमलेश्वर डोडियार, सदस्य,** रतलाम जिले की ग्राम पंचायत आम्बापाड़ा के मजरा खारचां अंतर्गत सी.सी.रोड का निर्माण कराये जाने,

(73) श्री **प्रेमशंकर कुंजीलाल वर्मा, सदस्य,** नर्मदापुरम जिले के सिवनी-मालवा अंतर्गत ग्राम शिवपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन कराये जाने,

(74) **श्रीमती छाया गोविन्द मोरे, सदस्य,** प्रदेश के सभी माध्यमिक उच्चतर शालाओं में आयुर्वेदिक पाठ्यक्रम प्रारंभ कराये जाने,

(75) श्री **देवेन्द्र पटेल, सदस्य,** रायसेन जिले के ग्राम रमपुरा से बाजनी तक डामरीकृत सड़क निर्माण कराये जाने,

(76) **कुँवर अभिजीत शाह, सदस्य,** हरदा जिले के मोरंड गंजाल परियोजना की तकनीकी स्वीकृति जारी कर डूब प्रभावित आदिवासी परिवारों को नवीन भूमि का प्रदाय कराये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

## 5. शासकीय विधि विषयक कार्य

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल, श्रम मंत्री,** प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश श्रम कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक, 2026 (क्रमांक 3 सन् 2026) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डश: विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

## 6. लोक लेखा, प्राक्कलन, सरकारी उपक्रमों संबंधी तथा स्थानीय निकाय एवं पंचायतीराज लेखा समितियों के सदस्यों के निर्वाचन की घोषणा

## 7. वर्ष 2026-2027 की अनुदानों की मांगों पर मतदान ...... (क्रमश:)

| निर्धारित समय | | | |
|---|---|---|---|
| 1 घण्टा 30 मि. | (1) | मांग संख्या – 26 | संस्कृति |
| | | मांग संख्या – 37 | पर्यटन |
| | | मांग संख्या – 51 | धार्मिक न्यास और धर्मस्व |
| 30 मि. | (2) | मांग संख्या – 43 | खेल और युवा कल्याण |
| | | मांग संख्या – 17 | सहकारिता |
| 30 मि. | (3) | मांग संख्या – 8 | भू- राजस्व, जिला प्रशासन तथा आपदा राहत पर व्यय |
| 30 मि. | (4) | मांग संख्या – 23 | जल संसाधन |
| 30 मि. | (5) | मांग संख्या – 39 | खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण |
| 30 मि. | (6) | मांग संख्या – 20 | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी |
| 30 मि. | (7) | मांग संख्या – 13 | किसान कल्याण तथा कृषि विकास |
| 30 मि. | (8) | मांग संख्या – 55 | महिला एवं बाल विकास |
| 30 मि. | (9) | मांग संख्या – 34 | सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण |
| | | मांग संख्या – 50 | उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण |
| 30 मि. | (10) | मांग संख्या – 6 | वित्त |
| | | मांग संख्या – 7 | वाणिज्यिक कर |
| | | मांग संख्या – 31 | योजना, आर्थिक और सांख्यिकी |
| 1 घण्टा | (11) | मांग संख्या – 12 | ऊर्जा |
| 15 मि. | (12) | मांग संख्या – 9 | नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा |
| 15 मि. | (13) | मांग संख्या – 35 | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम |
| 30 मि. | (14) | मांग संख्या – 15 | घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु जनजाति |
| | | मांग संख्या – 53 | अल्प संख्यक कल्याण |
| | | मांग संख्या – 54 | पिछड़ा वर्ग कल्याण |
| 30 मि. | (15) | मांग संख्या – 56 | कुटीर एवं ग्रामोद्योग |
| 30 मि. | (16) | मांग संख्या – 14 | पशुपालन एवं डेयरी |
| 15 मि. | (17) | मांग संख्या – 16 | मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास |

## 8. शासकीय वित्त विषयक कार्य.

**श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वित्त),** मध्यप्रदेश विनियोग (क्रमांक-2) विधेयक, 2026 (क्रमांक 2 सन् 2026) का *पुर:स्थापन करेंगे तथा प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डश: विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

---

*आय-व्ययक की मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत होने के तुरन्त पश्चात्.

निर्धारित समय

## 9. अशासकीय संकल्प.

(1) **श्री घनश्याम चन्द्रवंशी, सदस्य,** निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

30 मि. "यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि कालापीपल रेल्वे स्टेशन को अमृत भारत योजना अंतर्गत जोड़कर रेल्वे स्टेशन का विकास एवं सौंदर्यीकरण करते हुए प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाई जाये.".

(2) **इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य,** निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

30 मि. "यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि सागर जिले के नरयावली क्षेत्र अंतर्गत मकरोनिया स्टेशन पर कामायनी एक्सप्रेस एवं गोंडवाना एक्सप्रेस का स्टॉपेज किया जाये.".

(3) **श्री हेमन्त सत्यदेव कटारे, सदस्य,** निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

30 मि. "सदन का यह मत है कि ग्वालियर-भिण्ड-इटावा नेशनल हाईवे क्रमांक 719 को सिक्स लेन एवं हाईवे पर स्थित चंबल नदी के क्षतिग्रस्त पुल का मरम्मत कार्य पूर्ण कराकर आवागमन प्रारंभ किया जाये.".

अरविन्द शर्मा
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 26 फरवरी, 2026